RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 21 • 04:02:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-




# लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न

एजेंसी। नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बताया है कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान से नवाजा जाएगा। देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न श्री आडवाणी को दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे चर्चा की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे वक्त के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से प्रारंभ होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में लिखा है कि सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता द्वारा चिन्हित किया गया है, जिसने राजनीतिक नैतिकता में एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास किए हैं। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनके साथ चर्चा करने और उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी आज जिस मुकाम में है उसके लिए लालकृष्ण आडवानी की अहम भूमिका रही है। श्री आडवाणी भाजपा के फाउंडिंग सदस्य रहे हैं, जो आज देश की सबसे मजबूत राजनीतिक पार्टी के तौर पर दुनियां में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल हुई है। यहां बतलाते चलें कि श्री आडवाणी से पहले छत्तीगढ़ के कर्पूरी ठाकूर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई है।

**• कर्पूरी ठाकूर के बाद आडवाणी को भी भारत रत्न**



## भारत रत्न का ऐलान होते ही आडवाणी हुए भावुक, किया सभी का अभिवादन


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैसे ही पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने का ऐलान किया, तो अभिवादन की मुद्रा में वह मीडिया के सामने आए। इस दौरान वह भावुक भी हो गए। बता दें कि एलके आडवाणी यानी लाल कृष्ण आडवाणी को भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार ने भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने का ऐलान किया। खुद पीएम मोदी ने इसकी जानकारी दी। जैसे ही भारत रत्न सम्मान दिए जाने की खबर लालकृष्ण आडवाणी को मिली, वह भावुक हो गए। उनकी पहली झलक सामने आई है, जिसमें वह हाथ जोड़कर लोगों और मीडिया का अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। उन्हें भारत रत्न दिये जाने के ऐलान के बाद प्रतिभा आडवाणी ने कहा कि पूरा परिवार आज बहुत खुश है। आज सबसे ज़्यादा मां की याद आ रही है।



दादा के जीवन में मां का योगदान बहुत रहा है। दादा आडवाणीजी बहुत खुश हैं। मैं प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करती हूं। दरअसल, लालकृष्ण आडवाणी को उसी साल भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। लालकृष्ण आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने उनसे बात भी की और उन्हें यह सम्मान दिए जाने पर बधाई दी।' पीएम मोदी ने सबसे लंबे समय तक भाजपा के अध्यक्ष रहे लालकृष्ण आडवाणी से बात कर उन्हें बधाई दी।

# ज्ञानवापी: नीचे पूजा ऊपर नमाज तहखाने के द्वार पर कड़ी सुरक्षा

एजेंसी। वाराणसी



ज्ञानवापी पर दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद में एक और नई तस्वीर सामने आई है। जहां नीचे पूजा हो रही है और ऊपर नमाज पढ़ी जा रही है। ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में स्थापित किए गए विग्रहों की पूजा-उपासना, राग-भोग, आरती आदि शुक्रवार को दूसरे दिन भी श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के तत्वावधान में बाबा मंदिर के पुजारियों-अर्चकों के माध्यम से जारी रही।दूसरे दिन भी काफी संख्या में आम भक्त बाबा विश्वनाथ के साथ साथ-साथ तलगृह में स्थापित देव विग्रहों के दर्शन के लिए पहुंचते रहे। इसके साथ ही ऊपर ज्ञानवापी में जुमे की नमाज चलती रही तो नीचे दर्शन-वंदन का क्रम जारी रहा। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले तमाम श्रद्धालु व्यासजी के ज्ञान तलगृह तक भी जा रहे हैं। तलगृह में अभी आम दर्शनार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं है, इसलिए लोग प्रशासन द्वारा बनाई गई व्यवस्था के अनुरूप बाहर गेट से ही दर्शन कर रहे हैं। व्यास तहखाना गेट पर लोहे की अस्थाई बैरिकेडिंग लगाई गई है। भक्त लगभग 20-22 फीट दूरी से देव विग्रहों के दर्शन पा रहे हैं। तहखाने के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं ने की प्रशासनिक व्यवस्था की सराहना बाबा धाम से बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद 30 वर्षों बाद न्यायालय के आदेश पर खुले तलगृह में स्थापित देव विग्रहों का दर्शन-पूजन कर भक्तों का हृदय आह्लादित है। दर्शन कर बाहर निकले स्थानीय भक्त अभिषेक शर्मा, तरंग जायसवाल, मनु अवस्थी आदि ने बताया कि अंदर काफी बेहतर व्यवस्था है। प्रशासन के लोग श्रद्धालुओं का काफी सहयोग कर रहे हैं। तलगृह के द्वार पर भीड़ न लगे, इसलिए दर्शन करते ही श्रद्धालुओं को आगे बढ़ा दिया जा रहा है। बता दें कि ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में अभी आम दर्शनार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं है इसलिए लोग प्रशासन द्वारा बनाई गई व्यवस्था के अनुरूप बाहर गेट से ही दर्शन कर रहे हैं। व्यास तहखाना गेट पर लोहे की अस्थाई बैरिकेडिंग लगाई गई है। भक्त लगभग 20-22 फीट दूरी से देव विग्रहों के दर्शन पा रहे हैं। तहखाने के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है।

## संक्षिप्त

### लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर शाह ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जताई है। शाह ने शनिवार को एक्स पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता है। आडवाणी आजीवन निःस्वार्थ भाव से देश और देशवासियों की सेवा में समर्पित रहे हैं। शाह ने कहा कि देश के उप-प्रधानमंत्री जैसे विभिन्न संवैधानिक दायित्वों पर रहते हुए उन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व से देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। आडवाणी को भारतीय राजनीति में प्रामाणिकता के मानक तय करने वाले राजनेता के रूप में जाना जाता है। अपने लम्बे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने देश, संस्कृति और जनता से जुड़े मुद्दों के लिए अथक संघर्ष किया। पार्टी और विचारधारा के प्रति उनके विराट योगदान को शब्दों में समाहित नहीं किया जा सकता। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का निर्णय करोड़ों देशवासियों का भी सम्मान है।



### बड़ा ऐलानः महाराष्ट्र में बेटियों की पढ़ाई का खर्चा उठाएगी शिंदे सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बेटियों की पढ़ाई के लिए बड़ा ऐलान किया है। राज्य की शिंदे सरकार ने आठ लाख या उससे कम आय वाले परिवार की लड़कियों के शैक्षणिक शुल्क को माफ करने का ऐलान किया है। राज्य सरकार ने इन परिवार की लड़कियों की फीस भरपाई करने की घोषणा की है। महाराष्ट्र सरकार को ऐसी उम्मीदें हैं कि इस कदम से उच्च शिक्षा में लड़कियों भागीदारी बढ़ेगी। रिपोर्ट की मानें तो महाराष्ट्र के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने शुक्रवार को संयुक्त कुलपतियों के बोर्ड (जेबीवीसी) की बैठक के दौरान इसकी घोषणा की। मौजूदा वक्त में इसी श्रेणी में शैक्षणिक शुल्कों में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है, जिसे अब 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री पाटिल ने कहा, विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना चाहिए कि अधिक लड़कियां विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लें।



### ट्रक ड्राइवरों के लिए पीएम मोदी का बड़ा ऐलान, नेशनल हाईवे पर आराम के लिए बनेंगे सुविधाओं से लैस भवन

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों के आराम के लिये जगह-जगह आधुनिक भवनों के निर्माण कराए जाएंगे। मोदी राजधानी में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य तक पहुंचाने में यातायात एवं माल परिवन क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर वाहन चालकों की भूमिका का भी उल्लेख किया और कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वे ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर ये चालक घंटो-घंटों लगातार ट्रक चलाते हैं, इनके पास आराम का समय कम रहता है।

# खेल के प्रति सरकार की भावना मैदान पर खिलाड़ियों की भावना के अनुरूप : पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को युवाओं और राष्ट्र के विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में जो उत्साह और आत्मविश्वास दिखा, वह आज हर खिलाड़ी और युवा की पहचान बन गया है। खेल के प्रति सरकार की भावना मैदान पर खिलाड़ियों की भावना के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से पाली सांसद खेल महाकुंभ को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सांसद खेल महाकुंभ में पाली के 1100 से अधिक स्कूली बच्चों सहित 2 लाख से अधिक एथलीटों की भागीदारी की सराहना की। प्रधानमंत्री ने ऐसे खेल आयोजनों के आयोजन में वर्तमान सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांसद खेल महाकुंभ जिलों और राज्यों के लाखों प्रतिभाशाली एथलीटों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह नई और उभरती प्रतिभाओं को तलाशने और उनका दोहन करने का भी एक माध्यम बन गया है। मोदी ने खास तौर पर महिलाओं को समर्पित एक प्रतियोगिता के आयोजन का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक में खेल बजट में तीन गुना वृद्धि, टॉप्स सहित विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों एथलीटों को वित्तीय सहायता का प्रावधान और देश भर में कई खेल केंद्रों की स्थापना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स के तहत 3,000 से ज्यादा एथलीटों को 50,000 रुपये प्रति माह की मदद दी जा रही है। जमीनी स्तर पर लगभग 1,000 खेलो इंडिया केंद्रों में लाखों एथलीट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने हाल के एशियाई खेलों में 100 से अधिक पदकों के साथ एक नया रिकॉर्ड स्थापित करने वाले असाधारण प्रदर्शन के लिए भारतीय एथलीटों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने 1 फरवरी को संसद में रखे गए केंद्रीय बजट के युवाओं पर केंद्रित बजट को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर दिया कि सड़क और रेलवे जैसे आधुनिक बुनियादी ढांचे पर 11 लाख करोड़ रुपये के निवेश से युवाओं को सबसे अधिक फायदा होगा। हमारे युवा 40,000 वंदे भारत प्रकार की बोगियों की घोषणा और आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास जैसी पहल के सबसे बड़े लाभार्थी हैं।



## प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दी 70 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**संबलपुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान करीब 70,000 करोड़ रुपये की कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन कर रहा है। आज जिन विकास कार्यों का उद्घाटन और आधारशिला रखी गई है वे ओडिशा की प्रगति को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा में सुविधाओं के साथ-साथ यहां के नौजवानों के लिए हजारों नए रोजगार के अवसर लाने वाली हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश ने अपने एक महान सपूत पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' देने का निर्णय लिया है। आडवाणी का ये सम्मान इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन खपाने वालों को राष्ट्र कभी भुलाता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें आडवाणी का स्नेह और मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं से ओडिशा को काफी फायदा हुआ है। केंद्र सरकार के मदद और प्रयासों से ओडिशा पेट्रोलियम और पेट्रो-रसायन के क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# केजरीवाल के घर दल बल के साथ आ धमके एसपी साहब

एजेंसी। नई दिल्ली

राजनीति में कब क्या हो जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है। दिल्ली की राजनैतिक तस्वीर भी कुछ इसी तरह की दिखाई दे रही है। यहां आम आदमी पार्टी अपने विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए में खरीदने का आरोप लगाया। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया था कि बीजेपी आप के विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये का ऑफर दे रही है। उनके 21 विधायकों को तोड़ने की योजना है और सात विधायकों के साथ संपर्क भी साधा गया है। उन्होने दावा किया कि सही समय आने पर हम इसके साबूत भी पेश करेंगे। अब सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर एसपी साहब अपने दलबल के साथ पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि सीएम को नोटिस देने के लिए पुलिस उनके घर पहुंची है। सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया था कि इस संबंध में उनके सात विधायकों से संपर्क भी किया गया। इससे पहले केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के कथित मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए। केंद्रीय एजेंसी द्वारा केजरीवाल को बुधवार को पांचवीं बार समन जारी किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले चार महीनों में उन्हें चार समन जारी किए है लेकिन वह अभी तक उसके सामने पेश नहीं हुए हैं। 'आप ने कहा कि केजरीवाल पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश नहीं होंगे। पार्टी ने समन को ''अवैध करार देते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए बार-बार नोटिस भेज रहा है। 'आप ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केजरीवाल को गिरफ्तार कर दिल्ली में उनकी सरकार गिराना चाहती है। उसने कहा कि आम आदमी पार्टी ऐसा नहीं होने देगी। केजरीवाल पिछले साल दो नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल तीन जनवरी तथा 18 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष उपस्थित होने संबंधी उसके समन को टाल चुके हैं। आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने संबंधी दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में उन कुछ शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाया गया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी आरोपों का बार-बार खंडन करती रही है। बाद में इस नीति को वापस ले लिया गया था और दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की सिफारिश की थी।



### बिहार के बाद महाराष्ट्र में भी I.N.D.I.A को झटका

**मुंबई।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी के बीच सीट बंटवारे को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने भी शिरकत की। प्रकाश आंबेडकर ने बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक में यह सुनिश्चित करने का निर्णय किया गया है कि महाविकास आघाड़ी का अंत राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए जैसा न हो। आंबेडकर ने कहा कि मेरे अनुसार विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए अब अस्तित्व में नहीं है। भीमराव आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर लंबे समय से महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी और आइएनडीआइए में अपनी पार्टी को शामिल करने का आग्रह करते रहे हैं, लेकिन उन्हें शामिल किए जाने से पूर्व ही आइएनडीआइए गठबंधन मृतप्राय हो चुका है।

# मैनाटांड़ प्रमुख सुनैना देवी ने अपनी कुर्सी गँवाई

चाणक्य भूमि। बेतिया



मैनाटांड़ प्रमुख सुनैना देवी ने अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन के बाद अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी है। जिसके बाद विपक्षियों में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर अपर थाना अध्यक्ष रामसेवक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित थे। अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के लिए प्रखंड सभागार भवन में बीडीओ पंकज कुमार और जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सिकटा अंचल अधिकारी मनीष कुमार उपस्थित थे। सबसे पहले प्रमुख सुनैना देवी के खिलाफ लगाए गए आरोप को पढ़ कर सुनाया गया। बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख ने की। मत विभाजन वोटिंग के जरिए किया गया। 22 सदस्य वाली पंचायत समिति में से 14 सदस्यों ने बैठक में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

# बीमारी से 3 सौ बच्चों की मौत, 18 हजार बीमार

**• अस्पतालों में न दवाईयां हैं और न ही डॉक्टर**
**• बच्चे खाँसी और फेफड़ों में खिंचाव की समस्या से ग्रसित**

एजेंसी। इस्लामाबाद



आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के अस्पतालों में न दवाईयां हैं और न ही डॉक्टर। हालात इतने खराब है कि बीमारों का इलाज भी नहीं हो पा रहे है। स्वास्थ सुविधाएं ध्वस्त हो गई है। मीडिया में जो रिपोर्ट आ रहीं हैं वो काफी डराने वाली हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि निमोनिया से एक महीने से एक ही राज्य में हाहाकार मचा हुआ है। अब तक 3 सौ बच्चों की मौत् हो गई और 18 हजार से अधिक बच्चे बीमार हैं1 करीब 18000 बच्चे बीमार हुए हैं, जबकि इनमें से 300 की मौत हो गई है। पाकिस्तानी मीडिया ने कहा गया है कि सिर्फ जनवरी में पूर्वी पंजाब में निमोनिया से लगभग 300 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि 18,000 से अधिक बच्चे इस बीमारी के शिकार हुए हैं। स्वास्थ्य संकट को देखते हुए प्रांतीय सरकार ने स्कूल की छुट्टियां बढ़ा दीं, कक्षा के घंटों में कटौती की है और चेहरे पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। यूनिसेफ के अनुसार, बचपन में निमोनिया से होने वाली लगभग आधी मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी होती हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि लाहौर के चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में हर दिन सैकड़ों मामले आ रहे हैं। चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती अधिकांश बच्चे खाँसी और फेफड़ों में खिंचाव की समस्या से ग्रसित हैं। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही हैं। अधिक सर्दी और प्रदूषण के कारण जो दमघोंटू धुंध बने हैं उससे समस्या और बढ़ गई है। सरकारी टीकाकरण दरों में भी कमी देखी गई है। पाकिस्तान के पूर्वी मेगासिटी में हर सर्दी में धुंध का स्तर दुनिया में सबसे खराब स्तर पर पहुंच जाता है। डॉक्टरों ने कहा है कि बारिश आम तौर पर राहत लाती है और प्रदूषण के कणों को सोख लेती है, लेकिन पाकिस्तान ने असामान्य रूप से शुष्क और ठंडी सर्दी का सामना किया है।

# पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश जावेद आलम ने छेड़खानी में 3 साल की सजा सुनाई

चाणक्य भूमि। बेतिया




बेतिया में पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश जावेद आलम ने 2020 के एक मामले की सुनवाई करते हुये अभियुक्त को में छेड़खानी के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश जावेद आलम ने कांड के नामजद अभियुक्त को दोषी पाते हुए तीन वर्ष कठोर कारावास के साथ ही न्यायाधीश ने पांच हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दो माह की अतिरिक्त कारावास की सजा का आदेश दिया। साथ ही पीड़ित को बिहार राज्य प्रतिकर अधियम के अंतर्गत 50 हजार रुपए देने का आदेश हुआ है।

# नीतीश की नई सरकार ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्री हटाए

## 20 सूत्री समितियां भी भंग



**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़कर एनडीए में वापसी के बाद शासन स्तर पर बदलाव का दौर जारी है। नीतीश के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों को हटा दिया है। अब नए सिरे से हर जिले में प्रभारी मंत्री बनाए जाएंगे। इसके साथ ही महागठबंधन सरकार में गठित सभी 38 जिलों की 20 सूत्री समितियों को भी भंग कर दिया गया है। इस संबंध में दो अलग-अलग आदेश शुक्रवार को जारी हुए।

जानकारी के मुताबिक सभी जिलों में नए सिरे से प्रभारी मंत्री बनेंगे। राज्य सरकार ने मौजूदा प्रभारी मंत्रियों का मनोनयन रद्द कर दिया। कैबिनेट विभाग ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इस अधिसूचना के बाद अब किसी जिले में कोई प्रभारी मंत्री नहीं रह गया है। मनोनयन को लेकर पूर्व के आदेश को ही निरस्त कर दिया गया है। वहीं, राज्य सरकार ने सभी 38 जिलों की 20 सूत्री समितियों को भी भंग कर दिया। मंत्रिमंडल सचिवालय सचिवालय विभाग ने शुक्रवार की शाम इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी। अब नए सिरे से 20 सूत्री समितियों का गठन होगा, जिसमें बीजेपी-जेडीयू समेत एनडीए के नेताओं को मौका मिलेगा।

बता दें कि आरजेडी और कांग्रेस से तनातनी के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने महागठबंधन से नाता तोड़ दिया और इसी दिन एनडीए में वापसी कर फिर से सीएम पद की शपथ ली। बीजेपी से सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नई सरकार के गठन को पांच दिन बीत गए हैं, मगर अभी तक कैबिनेट का विस्तार नहीं हुआ है। नीतीश के साथ जिन 8 मंत्रियों ने रविवार को शपथ ली, उन्हें अभी तक विभाग भी नहीं बांटे गए हैं। माना जा रहा है कि राज्य में अगले हफ्ते कैबिनेट विस्तार होगा। इसके बाद ही जिलों के प्रभारी मंत्री बनाए जाएंगे।

## सरैया से 35 कार्टन शराब संग धंधेबाज धराया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सरैया थाना क्षेत्र के बहिलवारा गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह छापेमारी की। इसमें टीम ने लग्जरी कार और झोपड़ी में छिपा कर रखी गई 35 कार्टन विदेशी शराब जब्त की है। उत्पाद टीम ने मौके से धंधेबाज पंकज चौबे को भी गिरफ्तार किया है। देर शाम तक छाता चौक स्थित उत्पाद थाने में रखकर उससे पूछताछ की जा रही है। उत्पाद इंस्पेक्टर अभिनव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है। धंधेबाज पंकज चौबे ने अपने घर के पीछे झोपड़ी में विदेशी शराब की खेप कार से लाकर अनलोड किया है। वह शराब का बड़ा धंधेबाज है। इससे पहले भी उसे शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल जा चुका है। इस धंधे में उसका कौन- कौन सहयोग कर रहा था इसके बारे में भी जानकारी जुटायी जा रही है।

## पार्टी पर सूतक लगा है, अपना घर बचाए कांग्रेस- जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार



**पटना, एजेंसी।** नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट और मंत्रिमंडल विस्तार से पहले बिहार की राजनीति गर्म हो गई है। खासकर जदयू और कांग्रेस के बीच सियासी बयान बाजी और वार-पलटवार जोरों पर है। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कांग्रेस पार्टी पर जुबानी हमला करते हुए कहा है कि नीतीश सरकार फ्लोर टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा करेगी। कांग्रेस अपना घर बचा ले। इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने दावा किया था कि जदयू में टूट हो जाएगी और नीतीश कुमार की सरकार बहुमत साबित करने में फेल हो जाएगी। उधर भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को पार्टी हाई कमान ने दिल्ली तलब किया है। कांग्रेस नेताओं को भी शीर्ष नेतृत्व ने बैठक के लिए दिल्ली बुलाया है।

एक चैनल के साथ बातचीत में जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कांग्रेस के दावे पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को राजनीतिक सूतक लगा हुआ है ।पहले उन्हें अपनी पार्टी बढ़ाने की जरूरत है। राजेश राठौर के बयान पर हमलावर नीरज कुमार ने बताया कि जब तेजस्वी यादव के पास पांच विभाग थे तो कांग्रेस खामोश क्यों थी। मांझी जी का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि वह सरकार पर कोई प्रेशर नहीं बना रहे हैं। जीतन राम मांझी बुजुर्ग नेता हैं और अपनी बात कहते हैं। नीरज ने दावा किया के मंत्रिमंडल के विस्तार में कोई गतिरोध नहीं है। सब काम ठीक से चल रहा है।

जनता दल यूनाइटेड प्रवक्ता नीरज कुमार सिंह ने कहा है कि सरकार का बहुमत परीक्षण आसानी से पूरा होगा। इसमें कहीं कोई दिक्कत नहीं है। मंत्रिमंडल के विस्तार में भी कोई दिक्कत नहीं है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को दिल्ली बुलाया गया है, इसका मंत्रिमंडल विस्तार से कोई कनेक्शन नहीं है। उन्होंने नसीहत दिया है कि कांग्रेस पार्टी पहले अपना घर बचाए फिर दूसरे के मामले में ताक झांक करे।

### संक्षिप्त समाचार

## शिक्षक भर्ती को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**भागलपुर, एजेंसी।** जिला के विभिन्न कॉलेजों के बीएड और डीएलएड के छात्रों ने शुक्रवार को जिला पदाधिकारी कार्यालय के पास प्रदर्शन कर मांग की कि शिक्षक भर्ती की परीक्षा अगस्त में कराई जाये। इन छात्रों ने कहा कि अभी उनका कोर्स बाकी है। तीरण चरण की भर्ती पहले देरी से कराने की बात कही गई थी लेकिन अभी इसे जल्द कराने की बात कही जा रही है। अभी वे लोग अपना कोर्स पास नहीं किये हैं इसलिये वे लोग परीक्षा से वंचित हो जायेगी। उन लोगों ने मांग की है कि बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा अगस्त में कराई जाये जिससे उन्हें भी मौका मिले।

## अयोध्या के लिए और भी चलाई जाएंगी आस्था स्पेशल

**भागलपुर, एजेंसी।** आईआरसीटीसी, कोलकाता के समूह महाप्रबंधक जफर आजम ने कहा कि अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए और भी आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। आईआरसीटीसी आस्था स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इसके लिए रेल मंत्रालय से जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे, उस अनुसार भी इंतजाम किए जाएंगे। जो आस्था स्पेशल पूर्व से प्रस्तावित है। उसे चलाया जा रहा है। बाकी अन्य आस्था स्पेशल ट्रेनों को लेकर भी जानकारी आगे उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें आम लोग अयोध्या जाकर श्री रामलला के दर्शन कर सकेंगे।

## लॉटरी में कार मिलने की बात कह ठग लिए 6.17 लाख

**भागलपुर, एजेंसी।** कहलगांव के रहने वाले शख्स अरुण कुमार शाह से लॉटरी में कार मिलने की बात कह साइबर ठगों ने 6.17 लाख रुपये ठग लिए। घटना को लेकर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत की है। उनका कहना है कि कोलकाता की एक कंपनी से वे दवाई मंगवाते थे। उसी कंपनी का नाम लेकर एक शख्स ने कॉल किया और कहा कि आपके नाम से लॉटरी निकला है जिसमें कार मिलेगी जिसकी कीमत आठ लाख रुपये है। उसने पूछा कार लेंगे या नगद। अरुण ने नगद लेने की बात कही जिसके बाद रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1250 रुपये ठगों ने ट्रांसफर करा लिए। उसके बाद अलग अलग प्रोसेस के लिए पैसे लगने की बात कह कुल 6.17 लाख रुपये ठग लिए। अरुण ने बताया कि वह गली मोहल्लों में घूमकर कपड़े बेचता है।

## युवती अपहरण में जीजा की अग्रिम जमानत पर सुनवाई

मुजफ्फरपुर, एजेंसी।

पारू थाना क्षेत्र से अगवा युवती मामले में उसके जीजा की ओर से एडीजे-8 के कोर्ट में दायर अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। अधिवक्ता एसके झा ने बताया कि आदेश पर फैसल सुरक्षित है। मामले में अगली सुनवाई छह फरवरी को होगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए पूछा है कि जीजा-साली के बीच हुई वार्तालाप कौन-सा जुर्म है। युवती की नानी की ओर से कोर्ट में एक शपथ पत्र दायर किया गया है। जिसमें पुलिस पर युवती को बरामद करने के बजाए उलझाने का प्रयास करने आरोप लगाया है। अधिवक्ता ने बताया कि युवती के गायब होने के बाद उसके मोबाइल की पुलिस ने जांच की। इसमें एक युवती और उसके जीजा का कॉल उसके मोबाइल पर आया हुआ था। इसके बाद पुलिस ने जीजा के घर पर छापेमारी की। तब जीजा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल किया है।

# बिहार में बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध

## एक अप्रैल से लागू होंगे नए रेट



**पटना, एजेंसी।** बिहार में एक अप्रैल 2024 से 4.39 फीसदी बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का उपभोक्ता, कृषि और उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों ने एक सुर में विरोध किया है। सभी ने बिजली आपूर्ति कंपनियों को अपनी देनदारियों का बोझ जनता पर डालने की बजाय अपना नुकसान कम करने का सुझाव दिया। साथ ही बिलिंग और कलेक्शन में सुधार लाते हुए बिजली दर कम करने को कहा। शुक्रवार को विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य परशुराम सिंह यादव और अरुण कुमार सिन्हा ने जनसुनवाई की और लोगों का पक्ष सुना। साथ ही इसी महीने नई दर घोषित करने की बात कही। विनियामक आयोग के कार्यालय में हुए जनसुनवाई में दो दर्जन से अधिक लोगों ने बिजली दर बढ़ाये जाने का लिखित एवं मौखिक विरोध किया।

रिटायर्ड बिजली अधिकारी नंदजी शर्मा ने होम स्टे को वाणिज्य श्रेणी से अलग करने से पहले इसका मानक निर्धारित करने की मांग की। बिहार गैस मैनुफैक्चर्स एसोसिएशन के ओपी सिंह ने सुझाव दिया कि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए कंपनी को सरप्लस से बची बिजली उद्योगों को सस्ती दर पर उपलब्ध करानी चाहिए। गैस उत्पादन सेवा के क्षेत्र में बिहार के उद्यमियों का सीधा मुकाबला झारखंड और बंगाल से है। लेकिन बिहार में बिजली दर अधिक होने से उद्यमियों को नुकसान हो रहा है।

खगड़िया के संतोष कुमार ने बिल का भुगतान किए जाने पर उसकी पावती तत्काल मोबाइल पर उपलब्ध कराने, बिजली अधिकारियों पर होने वाली कार्रवाई का ब्योरा सार्वजनिक करने एवं बेहतर जनसुनवाई के लिए हर प्रमंडल में शिविर लगाने का सुझाव दिया।

विद्युत उपभोक्ता संघर्ष समिति के केशव पाठक, बिहार चैंबर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एकेपी सिन्हा, बिहार स्टील मैनुफैक्चर्स एसोसिएशन की शगुन श्रीवास्तव, नंदकिशोर राय, रंजन कुमार, डॉ संजय कुमार, अरुण कुमार अग्रवाल, हिमांशु भूषण, रंजन कुमार, सीपी पांडेय, अनिल कुमार सिन्हा, डा. संजय कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे।

### कंपनी का तर्क

महाप्रबंधक (राजस्व) अरविंद कुमार ने कहा कि चार साल बाद 2023 में दर में बढ़ोतरी की गई थी। सरकार ने सब्सिडी देकर उसे भी समाप्त कर दिया। इस साल बिजली दर बढ़ाने के पीछे ठोस तर्क हैं। प्रीपेड मीटर लगने के बाद अब तक करीब 10 हजार उपभोक्ताओं को उनका सिक्योरिटी डिपोजिट लौटाया जा चुका है। जमा पैसा ब्याज के साथ वापस लौटाया जा रहा है।

## दाखिल-खारिज के पेंडिंग मामले को शीघ्र निबटा लें : डीएम

**मड़वन, एजेंसी।** प्रखंड कार्यालय का डीएम सुब्रत कुमार सेन ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय में लंबित दाखिल-खारिज के मामले को अविलंब निबटारा करने का निर्देश दिया। पेंडिंग मामले शीघ्र नहीं निबटाये गये, तो वेतन काटा जाएगा। अंचल में सीओ के अलावा आरओ भी हैं, फिर भी विभिन्न अंचलों में काफी मामले पेंडिंग हैं, यह सही नहीं है। बैकलॉग मामले में नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री आवास योजना की स्वीकृति के बाद लाभुकों को राशि आवंटित करते हुए घर निर्माण कराना सुनिश्चित करें। रोकड़ पंजी एवं अंचल कार्यालय का कैशबुक तीन दिनों में अपडेट कर लें। इसके अलावा नाजिर, सीडीपीओ एवं बीपीआरओ को कन्या विवाह, कन्या उत्थान सहित विभिन्न योजनाओं का कार्य समय से निबटारा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आमलोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस मौके पर डीडीसी आशुतोष द्विवेदी, एसडीओ पश्चिमी ब्रजेश कुमार, प्रमुख रेणु देवी, सीओ सतीश कुमार, आरओ निहारिका, बीपीआरओ डॉ रत्ना कुमारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।

# बीपीएससी शिक्षक बहाली परीक्षा में हुई बड़ी गफलत

## 18 केंद्र अधीक्षकों पर कार्रवाई का आदेश



**पटना, एजेंसी।** बिहार लोक सेवा आयोग शिक्षक नियुक्ति के दूसरे चरण की परीक्षा में बड़ी गफलत की गई। 15 जिलों के 18 केंद्रों पर केंद्राधीक्षकों के कमरे में ही प्रश्नपत्र का सील खोल दिया गया। जबकि, सील परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों के सामने खोलने के निर्देश दिए गए थे। कमांड एंड कंट्रोल रूम से सीसीटीवी की लाइव निगरानी में यह मामला सामने आया। इसे लेकर सभी 18 केंद्राधीक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया है। आयोग की रिपोर्ट और भेजी गई सूची पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने इन जिलों के डीईओ को अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है।

बीपीएससी के सचिव ने इसे लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को रिपोर्ट दी है। इसमें कहा गया है कि 9 दिसंबर को अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा शुरू होने के समय आयोग के कमांड कंट्रोल रूम में बीपीएससी अध्यक्ष द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर लाइव सीसीटीवी फुटेज में यह देखा गया है कि प्रश्न पुस्तिका-सह-उत्तर पत्रक की सील्ड स्टील बॉक्स को केन्द्राधीक्षक कक्ष में खोला गया है। जबकि आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुदेश, प्रपत्र एवं गाइडलाइन में जिला पदाधिकारी-सह-परीक्षा संयोजक, केन्द्राधीक्षक, मजिस्ट्रेट के लिए अलग-अलग पृष्ठ संख्या में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि किसी भी परिस्थिति में प्रश्न पुस्तिका-सह-उत्तर पत्रक के सील्ड बैग को केन्द्राधीक्षक कक्ष या नियंत्रण में नहीं खोला जाना है। इसे परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों के समक्ष खोलना एवं बंद कर सील किया जाना है। इस निर्देश का पालन कई केंद्रों पर नहीं किया गया है।

### इन जिलों में केन्द्राधीक्षक के कमरे में तोड़ी गई सील

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने पटना, भागलपुर, भोजपुर, रोहतास, पूर्णिया, दरभंगा, बांका, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, मुंगेर, जहानाबाद, औरंगाबाद, सिवान, सारण एवं मोतिहारी के डीईओ को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया है।

### मुजफ्फरपुर में दो केंद्र पर कार्रवाई

मुजफ्फरपुर जिले में दो केंद्रों पर कार्रवाई का आदेश दिया गया है। इनमें तिरहुत एकेडमी और लाइजियम इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा दरभंगा और भोजपुर के दो-दो, पटना, भागलपुर, मुंगेर, रोहतास, पूर्णिया, बांका, गोपालगंज, जहानाबाद, औरगांबाद, सिवान, सारण और मोतिहारी का एक केंद्र शामिल है।

# लालू-राबड़ी राज में आरक्षण नहीं मिला, कैबिनेट विस्तार पर आरजेडी को बोलने का हक नहीं : सम्राट चौधरी



**पटना, एजेंसी।** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में 15 सालों तक लालू प्रसाद और राबड़ी देवी की सरकार रही। लेकिन उस दौर में किसी को भी आरक्षण नहीं मिला। जबकि मोदी राज में देश में ऐसा कोई समाज नहीं जिसे आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा हो। जब तक गरीबों का उत्थान नहीं हो जाता तब तक भाजपा आरक्षण जारी रखेगी। नीतीश कैबिनेट विस्तार को लेकर एनडीए पर सवाल उठा रहे महागठबंधन पर भी सम्राट बरसे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आरजेडी को बोलने का कोई हक नहीं है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना के रवींद्र भवन में जगदेव जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में कैबिनेट विस्तार में कोई समस्या नहीं है। विपक्ष को परेशान होने की जरूरत नहीं है। मंत्रिमंडल विस्तार पर आरजेडी को बोलने का हक नहीं है। 1995 में मात्र 12 मंत्री के साथ कई महीनों तक आरजेडी ने सरकार चलाई थी। उनको सवाल पूछने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों का खाता नहीं खुलेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि जगदेव बाबू के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। अगर बिहार को विकसित बनाना है तो पीएम के मूलमंत्र सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास के नारों पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आज कुशवाहा समाज के तीन लोग विभिन्न राज्यों के उपमुख्यमंत्री पद पर हैं। 2020 में बिहार की जनता ने एनडीए को बहुमत दिया था और उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि बिहार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री होंगे। उसी कमिटमेंट के तहत हम चल रहे हैं। प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए जाने की अपील करते हुए कहा कि अभी अयोध्या, काशी हुआ है मथुरा बाकी है।

इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नही है। शहीद जगदेव बाबू का लक्ष्य समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का था। प्रधानमंत्री वही काम कर रहे हैं। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि भाजपा की जब भी सरकार बनी आरक्षण का लाभ लोगों को दिया गया।

इस समारोह में पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव, मंगल पांडेय, सुनील कुमार, जेपी वर्मा, ललिता कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, ललन मंडल, शिवेश राम, बसावन भगत, संतोष पाठक, सुहेली मेहता, संतोष मेहता, प्रमोद चंद्रवंशी, केदार गुप्ता, अमित दांगी, रूप नारायण मेहता, रत्नेश कुशवाहा, प्रवीण चंद्र राय ने भी अपने विचार रखे।



## किसानों को जागरूक करने वीडियो क्लिप बनाएं और प्रसारण कराएं: डीएम

**भागलपुर, एजेंसी।** जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने कृषि भवन परिसर में आयोजित तीन दिवसीय प्रमंडलस्तरीय उद्यान प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता 2024 का दूसरे दिन उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी से किसानों को कितना लाभ हो रहा है, इसे देखने की जरूरत है। किसानों की आय कैसे बढ़े, बाजार कैसे मिले, उत्पादकता, गुणवत्ता के साथ डिमांड को बढ़ावा देना होगा। डीएम ने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए छोटा-छोटा वीडियो बनवाएं, फोटो क्लिप तैयार करायें, प्रदर्शनी का प्रसारण हो, ताकि प्रमंडल क्षेत्र में दूर के किसान भी देख सकें। उद्घाटन सत्र में उप निदेशक उद्यान, भागलपुर प्रमंडल पवन कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। प्रदर्शनी में भागलपुर व बांका के 195 किसानों ने प्रदर्शनी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें बांका के 70 प्रादर्श व भागलपुर से 722 प्रादर्श लगाये गये। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के नामित निर्णायक दल में शामिल डॉ कमलकांत, डॉ एच मीर, डॉ परमवीर ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए किसानों का चयन किया। इसके अलावा श्रेष्ठ बागवान का भी चयन किया गया।

## चैंपियनशिप में सूबे के 60 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

# नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने को आज बिहार की बालक व बालिका ताइक्वांडो टीम राजस्थान होगी रवाना

- जयपुर में 6 फरवरी से शुरू होगी चैंपियनशिप
- तैयारी पुख्ता, प्रदर्शन होगा शानदारः महासचिव




चाणक्य भूमि। मोतिहारी

इंडिया ताइक्वांडो की ओर से 6 फरवरी से सवाई मान सिंह स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में सब जूनियर, कैडेट व जूनियर वर्ग में शुरू हो रही चार दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने को बिहार टीम आज रवाना होगी। चैंपियनशिप में सूबे से 60 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। इसमें बालक वर्ग से 30, तो बालिका वर्ग से भी 30 खिलाड़ी शामिल हैं। यह जानकारी ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव सुधीर कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टीम में शामिल सभी 60 खिलाड़ियों ने गोपालगंज में आयोजित राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। स्वर्ण पदक प्राप्त कर इन खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप की गठित टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। टीम की तैयारी पुख्ता है और चैंपियनशिप में बिहार का प्रदर्शन शानदार होगा। उन्होंने बताया कि ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार ने खिलाड़ियों के साथ रवाना होने वाले टीम मैनेजर व कोच की भी घोषणा कर दी है। दो टीम मैनेजर हैं, वहीं दो कोच को भी रखा गया है। निखिल कुमार व सपना कुमारी (मुंगेर) टीम मैनेजर की जिम्मेदारी संभालेंगे। जबकि, बादल कुमार (लखीसराय) व निर्भय कुमार (मोतिहारी) कोच की भूमिका निभाएंगे।

**बिहार से दो रेफरी हुए नियुक्त-** नेशनल चैंपियनशिप के मद्देनजर इंडिया टाइक्वांडो ने बिहार से दो रेफरी नियुक्त किए हैं। इनमें राजेश कुमार (पूर्वी चंपारण) व बबली कुमारी (पटना) शामिल हैं। गौरतलब हो कि राजेश कुमार को बिहार में अनुभवी रेफरियों में से एक माना जाता है। नेशनल चैंपियनशिप में भी कई मौकों पर उन्होंने अपनी दक्षता साबित की है। बबली कुमारी को कई मैचों में रेफरी की भूमिका निभाने का अनुभव है।

### एशिया के लिए भी खिलाड़ियों का होगा चयन

*महासचिव सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि इस बार चाइना में एशिया ताइक्वांडो चैंपियनशिप हो रहा। 10 फरवरी को उक्त स्टेडियम में इंडिया टीम का सेलेक्शन ट्रायल होगा। इसमें सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। ट्रायल में स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी उक्त चैंपियनशिप में भाग लेंगे। बिहार से भी पांच खिलाड़ी सेलेक्शन ट्रायल में अपना दम दिखाएंगे। एशिया में स्वर्ण प्राप्त खिलाड़ी पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए अपना कोटा हासिल कर लेंगे।*

# पताही में 13 फरवरी को होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

- प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख पर लगा है अविश्वास प्रस्ताव
- उप प्रमुख ने बैठक की तिथि की निर्धारित



चाणक्य भूमि। पताही

प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख पर लगे अविश्वास प्रस्ताव पर उच्च न्यायालय, पटना के आदेश पर उप प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ने शनिवार को पंसस की बैठक की तिथि निर्धारित कर दी। अब प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख पर लगे अविश्वास प्रस्ताव पर 13 फरवरी को चर्चा होगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख पर लगे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान होगा। बैठक में उप प्रमुख के अलावा 15 पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। गौरतलब हो कि प्रखंड प्रमुख द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर उच्च न्यालय में अविश्वास पर होने वाली बैठक को लेकर याचिका दायर किया गया था। इसमें उच्च न्यायालय ने प्रखंड प्रमुख को 2 फरवरी 2024 को सभी सदस्यों के साथ बैठक कर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि का निर्धारित करने का आदेश दिया था। इसके आलोक में आलोक में उप प्रमुख द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर तिथि का निर्धारण किया गया। बताते चले कि शुक्रवार को आयोजित बैठक में प्रमुख अस्वस्थता का हवाला देकर बैठक में उपस्थित नहीं हुई थी। बीडीओ सम्राट जीत ने बताया कि उच्च न्यायालय, पटना के आदेश के आलोक में आयोजित पंसस के बैठक की तिथि उप प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह द्वारा निर्धारित की गई है। अविश्वास प्रस्ताव पर 13 फरवरी को बैठक होगी।

# हत्या की नियत से भतीजा ने चाचा पर चलाई गोली, रेफर

## निजी अस्पताल में घायल का चल रहा इलाज

- पूर्व का विवाद बताई जा रही घटना की वजह



चाणक्य भूमि। सुगौली

थाना के पजिअरवा गांव में पूर्व से चले आ रहे विवाद में शनिवार को एक पक्ष द्वारा की गई फायरिंग में भतीजे ने चाचा की हत्या के नियत से छाती में गोली मार दी। गोली चलने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायल को इलाज के लिए सुगौली लाया गया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मोतिहारी रेफर कर दिया। घायल पजिअरवा गांव निवासी शेख अबुलैश(50) बताया जाता है। घायल का मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा। घायल अबुलैश मियां का पुत्र शेख बाजू ने बताया कि मेरे पिता गांव के मदरसा कब्रिस्तान के तरफ गए थे। जहां पूर्व से चले आ रहे विवाद में जमानत मिलने पर पट्टीदारी के शेख मुख्तार, शेख वहाब, शेख हाकिम, शेख राहुल, शेख अरमान व शेख शाहिद एक राय होकर हत्या करने के नियत से फायरिंग करने लगे। लगातार हो रही फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़े। पांच बार फायरिंग की आवाज सुनी गई। जिसमें एक गोली मेरे पिता के सीने में लगी है। नवपदस्थापित थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में इनलोगों के द्वारा पीड़ित का घर जला देने के मामले में घायल की पत्नी पचिया खातून ने कोर्ट में केस दर्ज कराया था। जिस मामले में जमानत मिलने के बाद शेख राहुल, वहाब और शाहिल किंग नाम से सोशल चला रहे लोगों ने पचिया खातून का फोटो लगा गन्दी बातें लिख सोशल साइट्स पर लिखा। साथ ही पीड़ित परिवार के घर पर चढ़ गली गलौज करने लगे। जिसपर इस मामले में फिर 12 दिसंबर को पचिया खातून ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इतने के बाद भी पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने से इन लोगों का मनोबल बढ़ता गया और आज गोली मारने की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद से गांव में तनाव है।

# राजेंद्र नगर में मनोकामना माई मंदिर का होगा नव निर्माण

- मंदिर नव निर्माण को लेकर कमेटी गठित
- बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



चाणक्य भूमि। मोतिहारी

राजेंद्र नगर स्थित मां मनोकामना माई मंदिर के नवनिर्माण को लेकर बैठक हुई। इसमें शामिल मुहल्लेवासियों ने बारिश की वजह से उत्पन्न हुई जलजमाव की समस्या से सड़क से नीचे होने पर मंदिर के निर्माण पर एक स्वर में अपनी सहमति जाहिर की और सहयोग देने के लिए तैयार हुए। बैठक की अध्यक्षता किशोरी सिंह ने की। इस मौके पर मंदिर निर्माण को लेकर कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिव रामभजन, उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, पप्पू श्रीवास्तव, सह सचिव राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष सोनू यादव, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुधीर कुमार, मृणाल सिंह, सतीश कुमार सिंह, संरक्षक अध्या प्रसाद, विंध्याचल सिंह, अजय कुमार सिंह, किशोरी सिंह, गणपत यादव, वीरेंद्र श्रीवास्तव, उमाकांत प्रसाद आदि शामिल हैं। बैठक के बाद हरिहराचार्य फलाहारी बाबा द्वारा मंदिर में पूर्व स्थापित माता की पिंडी को वैदिक मंत्र उच्चारण द्वारा पूजन कर बेलही देवी मंदिर में पूजन पाठ के लिए रखा गया। मंदिर के नवनिर्माण के बाद नए रूप से सभी स्थापित देवी देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा। मौके पर वीरेंद्र सिंह चौहान, भोला गुप्ता, गुड्डू सिंह, डॉ.सुमित सौरभ, विकास यादव, मुन्ना यादव, प्रदीप कुमार, राजीव कुमार, राजकुमार चौरसिया, बबलू यादव आदि उपस्थित थे।

# घोड़ासहन में सौ वर्षो से अधिक पुराने वृक्षों को बचाने की दिलाई गई शपथ

## दिव्यांग मजदूरों के बीच जॉब कार्ड का हुआ वितरण

चाणक्य भूमि। घोड़ासहन

घोड़ासहन। जिले में गार्डियन ऑफ चंपारण ट्री (चम्पारण के प्रहरी पुराने वृक्ष) की सुरक्षा संरक्षा अभियान के तहत 100 वर्षो से अधिक पुराने पेड़ो को लेकर कार्यक्रम चलाया जा रहा। इस कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के कदमवा पंचायत में शनिवार को मनरेगा द्वारा 100 वर्षो से अधिक पुराने वृक्षों को चिन्हित कर उसके आसपास कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान उसके आगे मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को पुराने वृक्षों को बचाने के लिए जागरूक किया गया। वहीं ग्रामीणों ने पौधे भी लगाएं। इस बीच दिव्यांग मजदूरों के बीच जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया। 100 वर्ष से पुराने वृक्षों की रक्षा करने व बचाने हेतु ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। जीविका दीदियों द्वारा रंगोली बनाई गई थी। मौके पर मनरेगा पीओ नदीम अहमद ने बताया कि दुनियाभर में पेड़ों को बचाने के लिए कई अभियान चल रहे हैं। लेकिन, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पुराने वृक्षों को सहेजने का एक अनोखा अभियान चल रहा है। पिछले करीब डेढ़ दो साल से चल रहे इस अभियान के तहत सैकड़ों साल पुराने पेड़ों की देख-रेख का जिम्मा आम लोगों को दिया जा रहा है। एक तरह से कहें तो कुछ लोग मिलकर एक पेड़ को गोद लेते हैं और फिर उसकी देखभाल करते हैं।उक्त अभियान को नाम दिया गया है गार्डियन ट्री ऑफ़ चंपारण। मौके पर मुखिया मुन्नी कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुशवाहा, पीटीए सुरेन्द्र शर्मा, प्रखंड के सभी रोजगार सेवक, जीविका दीदी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।



# सम्मान समारोहः सीओ एवं राजस्व अधिकारी को दी गई विदाई

## जनता से मिले प्यार व स्नेह को भुलाया नहीं जा सकताः सीओ

चाणक्य भूमि। चिरैया




चिरैया। अंचल कार्यालय परिसर के सभागार में शनिवार को सीओ आनंद कुमार गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी नेहा कुमारी का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ चिरैया नन्दकिशोर साह ने की। जबकि, संचालन राजस्व कर्मचारी बच्चा बिहारी सिंह एवं ऑपरेटर राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सीओ श्री गुप्ता ने अंचल के सभी कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चिरैया की जनता से जो प्यार व स्नेह मिला है, उसे भूला नहीं जा सकता है। क्योंकि नौकरी करना है तो यहां से वहां जाना ही होता है। सीओ व आरओ को शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधान सहायक दीपक कुमार, नाजीर मुनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी प्रेमकिशोर सिंह, प्रेम कुमार, राजेश कुमार, सुरजीत कुमार, नितीश कुमार, सुमन सौरभ,पंकज कुमार, आलोक कुमार, चंदन कुमार झा,मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार, सचिन कुमार, पिन्टू सिंह, अंचल अमीन उदय प्रकाश, निधि गुप्ता, भागीरथ प्रसाद, अजय कुमार सिंह, सूर्यनारायण प्रसाद, राकेश कुमार सहित अंचल व प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### पुराने वृक्षों की सुरक्षा के लिए बनाई गई मानव श्रृंखला

चाणक्य भूमि। चिरैया

चिरैया। प्रखंड क्षेत्र स्थित मीरपुर गांव के अमृत उद्यान व अमृत सरोवर परिसर में शनिवार को मानव श्रृंखला बनाकर पुराने वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। वहीं उद्यान में ही योगासन का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन गार्जियंस ऑफ चंपारण के तत्वावधान में मनरेगा के पीओ ज्योति कुमार ने किया था। उन्होंने कहा कि प्रदूषण सुरक्षा व जलवायु संतुलन के लिए पुराने वृक्षों की सुरक्षा अति आवश्यक है। योग गुरु मोहन प्रसाद ने बताया कि योगासन स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। इस अवसर पर मीरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभूशरण प्रसाद, बाराजयराम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह, खोड़ा पंचायत के मुखिया सुमंत कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रमोद यादव, बंका सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मिशन अन्नपूर्णा रसोई में 104 वें सप्ताह कराया गया जरूरतमंदों को भोजन




चाणक्य भूमि। मोतिहारी

मोतिहारी। जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क भोजन वितरण की सेवा मिशन अन्नपूर्णा रसोई ने शनिवार को अपने 104 वें सप्ताह का सफर आज पूरा कर लिया। संस्था का एक ही मकसद है जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन कराना। देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकार नाथ जालान सेवा संस्थान द्वारा बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर प्रत्येक शनिवार को भोजन वितरण कराया जाता है। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए सहारा बनती जा रही है मिशन अन्नपूर्णा रसोई। आजीवन सहयोगी सीता देवी ओंकार नाथ जालान सेवा संस्थान के विनोद जालान ने बताया कि मसालेदार खिचड़ी, अचार का भोजन आज रोजमर्रा की मजदूरी करने वाले मजदूर, टेंपो चालक, रिक्शा चालक, यात्रियों ,परीक्षार्थियों के बीच कराया गया लोग बार-बार स्वादिष्ट भोजन भरपेट करते हैं और उनके चेहरे पर जो संतुष्टि का भाव झलकता है उसे हम लोगों की सेवा सफल हो जाती है और संस्था के सभी सेवक सदस्यों को आत्म संतुष्टि मिलती है! मौके पर मिशन अन्नपूर्णा रसोई के संचालक राम भजन युवा समाज सेवी विक्की कुमार, रामचंद्र प्रसाद, रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# पताही थानाध्यक्ष के रूप में कौशल किशोर ने दिया योगदान


चाणक्य भूमि। पताही



**पताही। थानाध्यक्ष के रूप में शनिवार को इंस्पेक्टर कौशल कुमार ने अपना योगदान दिया। नव पदस्थापित इंस्पेक्टर कैलाश कुमार ने मुख्य रूप से दलाली, अपराधी गतिविधि व शराब तस्करी को रोकना प्रथम कार्य बताया। कहा- क्षेत्र में पुलिस गश्ती को सुदृढ़ बनाया जाएगा। वहीं राहगीरों से छीना झपटी करने वाले अपराधी के साथ बाहर से आने वाले अपराधी पर रोक लगाई जाएगी। जिससे राहगीरों को निश्चित होकर अपना सफर करने में आसानी होगी। थाना अंतर्गत छोटे बड़े अपराधी का इतिहास खंगाल कर उन पर पहली नजर रखी जाएगी।**

# अपराध पर अंकुश लगाना होगी पहली प्राथमिकताः थानाध्यक्ष

चाणक्य भूमि। घोड़ासहन



घोड़ासहन। घोड़ासहन थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में इंस्पेक्टर अनुज कुमार पांडेय ने शनिवार को योगदान किया। श्री पांडेय इससे पहले बेतिया जिले कार्यरत थे। योगदान के बाद नए थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने, असामाजिक तत्व, अपराधी एवं शराब माफियाओं पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा कि इसके लिए पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित करना जरूरी होगा। आमलोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि तमाम पुराने अपराधियों का रिकार्ड खंगाला जायेगा और उनकी गतिविधियों पर नजर रखते अपराध पर पूर्ण रूप से नियंत्रण हो इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही कहा कि थाना क्षेत्र में क्राइम से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# बिष्णु महायज्ञ और सामूहिक विवाह की पुरजोर तैयारी

- 15 मार्च होगा आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन
- 51 कन्याओं की होगी सामूहिक शादी

चाणक्य भूमि। बेतिया (कनकलता)

**बेतिया।** ईटीवी इंफ्रा प्रोजेक्ट कंपनी के सीएमडी सतीश पटेल का पूर्वी सरेया के वार्ड नंबर 06 में आगमन हुआ ।उन्होन महायज्ञ एवं सामूहिक कन्या विवाह स्थल का जायजा लिया। उन्हें सम्मानित करने के लिए यज्ञ समिति के व्यवस्थापक केदार राय,रविकांत कुमार,उमेश यादव, भूपेन्द्र मिश्रा, मंटू राय, प्रलोक पटेल तथा समस्त सदस्यो ने फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया , यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह मुखिया चंद्रभूषण पांडे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।उन्होंने 2 लाख 51हजार रुपये नकद तथा सभी कन्याओ के लिए विशेष उपहार देने की बात कही। उनके आगमन पर समिति सदस्यो के चेहरे पर खुशी साफ-साफ झलक रही थी ।वो इतना देने के बाद भी कहा "जहा कम वहा हम" मौजूद रहेंगे। समिति को उन्होंने कई तरह के परामर्श भी दिये ।बताते चले पूर्वी सरेया पंचायत कचहरी टोला में आगामी 15 मार्च से विष्णु महायज्ञ और सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है।पिछले दिनों ब्रह्म स्थान पर इस वावत धवजारोहन किया जा चुका है।इस पुनीत कार्य मे पूरे ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।समिति के सदस्य इस महायज्ञ और सामूहिक विवाह को ऐतिहासिक बनाने में जी जान से जुटे है।



## गुदरा में निर्माणाधीन शवदाह गृह को स्थानांतरित कराने की मांग



बेतिया (कनकलता)

**बेतिया।** प्रखंड के गुदरा पंचायत में शवदाह गृह के निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर पूर्व उप प्रमुख नंदकिशोर यादव ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वरुण केतन को को आवेदन दिया है।उल्लेखनीय है कि पंचायत समिति सदस्य के द्वारा सरकारी राशि के दुरुपयोग करते हुए सिकरहना नदी तट के समीप शवदाहगृह का निर्माण किया जा रहा है। सिकरहना नदी में बाढ़ के समय में जल स्तर बढ़ने से 40 से 50 फीट तक कटाव किया जाता है। जिससे शवदाह गृह के ध्वस्त होने की सम्भावना है। उन्होंने बीडीओ से जांच करते हुए शवदाहगृह के स्थान बदलने के लिए मांग की है।बीडीओ वरुण केतन ने बताया कि राजस्व निरीक्षक को स्थल निरीक्षण के लिये भेजा जायेगा।




# श्री गोपीनाथ ज्ञान दर्शन शिशु विद्या मंदिर विद्यालय का 17वॉ वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

## कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन को स्कूल परिवार के द्वारा किया गया सम्मानित

चाणक्य भूमि। बेतिया

मझौलिया के गुरचुरवा में श्री गोपीनाथ ज्ञान दर्शन शिशु विद्या मंदिर का 17वॉ वार्षिकोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चे और बच्चियों ने धरती मां, राष्ट्रीय गीत,कई नाटक भी बच्चों ने पेस किया। जिससे बच्चे और बच्चियों के अभिभावक स्कूल प्रिंसिपल,स्कूल निदेशक और शिक्षक लोगों को दिया बधाई एवं शुभकामनाएं। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को स्कूल निदेशक रमेश प्रसाद कुशवाहा और स्कूल प्रिंसिपल ने अंगवस्त्र एवं फूल माल से स्वागत किया। साथ ही इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वतंत्र मीडिया परिषद पत्रकार संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन को अंगवस्त्र फूल माला से स्कूल परिवार के तरफ से सैकड़ों लोगों के बीच में स्वागत किया गया। वही स्कूल व्यवस्थापक रमेश प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि स्कूल एक ऐसा स्थान है जहां बच्चो को उचित शिक्षा, संस्कार, अनुशासन दिया जाता है तभी तो बच्चे पढ़ लिखकर कामयाब होते हैं और अपने गांव जिला का नाम रौशन करते हैं। मेरे स्कूल का यही प्रयास है बच्चे पढ़ लिख कर पदाधिकारी बने, डॉक्टर बने, और अपने चम्पारण का नाम रौशन करें अपने माता पिता के सपनो को साकार करें। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, शिक्षक विरन कुमार अजय कुमार,आदि सभी शिक्षक एवं कार्यक्रम के दौरान गणमान्य सामाजिक लोगों में मुखिया पति दिनानाथ साह, मुखिया संघ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश, मुखिया संघ के कोषाध्यक्ष सौदागर साह, इंदु देवी पंच आदि लोग मौजूद रहे।






# उत्तर प्रदेश से गायब लड़की बेतिया के निजी होटल से बरामद

चाणक्य भूमि बेतिया

शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर बेतिया पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए लड़की का एक निजी होटल से बरामद कर लिया गया है।साथ ही आरोपी युवक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बेतिया से जिस लड़की को बरामद किया है उसे आरोपी युवक द्वारा अवैध रूप से एक होटल में रखा गया था। मौके से पुलिस ने कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए हैं। एसडीपीओ ने बताया किफिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है, पुलिस नेबतायाकि लड़की को उत्तर प्रदेश की पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले का खुलासा करते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर महताब आलम ने बताया कि उत्तर प्रदेश की रहने वाली एक युवती अपने घरवालों से नाराज होकर बिहार की ट्रेन में बैठ गई. पटना में आरोपी युवक ने बहला फुसला कर एनजीओ में काम दिलाने की बात कहकर उसे अपने साथ लगभग 15 दिनों से रखा रहा।




## जिला पदाधिकारी द्वारा जेल निरीक्षण में नहीं मिला कोई आपत्तिजनक सामान

बगहा नगर प्रतिनिधि

**चाणक्य भूमि बेतिया।** शनिवार को जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज,एसडीएम डा .अनुपम सिंह की संयुक्त टीम के साथ बगहा उपकारा का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की टीम ने जेल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करने के साथ ही जेल प्रबंधन के रवैये को लेकर कैदियों से जानकारी प्राप्त की एवं जेल के में उपलब्ध सुविधाओं की बारे मे जानकारी ली। बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जेल से किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।




# सिकटा प्रखंड की उपप्रमुख रजिया बेगम हुई अपदस्थ

चाणक्य भूमि। बेतिया

सिकटा प्रखंड की उपप्रमुख रजिया बेगम के ऊपर लगाये गये अविश्वास प्रस्ताव के लिये सिकटा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में पंचायत समिति की विशेष बैठक में प्रखंड उपप्रमुख रजिया बेगम के विरूद्ध लगाए गए अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। जिससे प्रखंड उपप्रमुख रजिया बेगम अपदस्थ हो गए। पंचायत समिति की विशेष बैठक में बाइस सदस्यीय पंचायत समिति सदस्यों में से चौदह सदस्य उपस्थित थे।अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजित करने पर मुहर लगाई।जिसके बाद गुप्त मतदान कराई गई।मतदान में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में बारह मत मिला तथा एक मत रद्द हो गया ।वहीं अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में एक मत मिला।जिससे प्रखंड उपप्रमुख रजिया बेगम की कुर्सी से अपदस्थ हो गए।

## अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार शाम प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा

चाणक्य भूमि। बेतिया

नरकटियागंज के सरकारी अस्पताल मे प्रसूता के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर और ANM पर पैदाइशी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर काफी हंगामा किया । परिजनों का हंगामा के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.संजीव कुमार समेत सभी कर्मी अपने-अपने कक्ष छोड़कर फरार हो गए। हंगामा की सूचना पर पहुंची शिकारपुर पुलिस ने आक्रोशितों परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया है। परिजनों द्वारा बताया कि वे लोग प्रसूता को लेकर शनिवार को दिन में अस्पताल पहुंचे। जहां उसे भर्ती कर लिया गया और नार्मल डिलीवरी कराए जाने की बात कही गई। बाद में उसकी स्थिति गंभीर बताकर अल्ट्रासाउंड कराने को कहा गया। उनसे रुपए की मांग की जाने लगी। उन्होंने आरोप लगाया की प्रसूता को ऑक्सीजन नहीं चढ़ाया गया। बाद में रेफर कर दिया गया। वह लोग एम्बुलेंस को लेकर भटकते रहे थे। लेकिन उन्हें एम्बुलेंस नहीं मिली। बाद में प्रसव वार्ड से ही मृत हो चुकी प्रसूता को उन्हें सौंप दिया गया।






# मझौलिया में वार्षिकोत्सव पर स्कूली छात्राओं ने जलवा बिखेरा

बेतिया (कनकलता)

**बेतिया ।**मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के बैठनिया भानाचक पंचायत स्थित वार्ड नं 10 में श्रीगोपीनाथ ज्ञान दर्शन शिशु विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक रमेश प्रसाद कुशवाहा एवं मुख्य अतिथि मुखिया महासंघ के जिला सचिव सह जिलाध्यक्ष भाजपा अनिसूचित जाति मोर्चा सत्यप्रकाश,नौतन खुर्द मुखिया सौदागर साह,बैठनिया भानाचक मुखिया प्रतिनिधि दीनानाथ साह,समाजसेवी कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के उत्तरी मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी,अधिवक्ता रविश गिरी एवं ब्रजराज श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के निदेशक रमेश प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्रहवीं वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस तरह के आयोजन से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा उभर कर सामने आती है।तथा उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता है।आगन्तुक अतिथियों विद्यालय के शैक्षणिक सफलता की भी प्रशंसा की विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना,नुक्कड़ नाटक, नृत्य नुक्कड़ नाटक, देश भक्ति गीत एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।आयोजित कार्यक्रम में दर्शकों का मन मोह लिया।एवं आगन्तुक दर्शक एवं अभिभावकों ने तालियां बजाकर छात्र छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।विद्यालय के कार्यक्रम में चांदनी कुमारी, विभा कुमारी, अंशु कुमारी, छोटी कुमारी,दीपा कुमारी, नंदनी कुमारी,दीपांजलि कुमारी, साक्षी कुमारी, रीना कुमारी सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं को मुखिया सत्यप्रकाश एवं मुखिया प्रतिनिधि दीनानाथ साह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार, शिक्षक वीरन कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार,हर्षित कुमार, तरुण कुमार,अंकित कुमार,नेयाज आलम सूरज महतो,परमानन्द महतो सहित शिक्षिका मेनका कुमारी, सलोनी कुमारी, रेशमी कुमारी आदि शामिल रहे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714